हिंदुस्तान 03/03/2024

सीएसए ने जारी की एडवाइजरी

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के डॉक्टर खलील खान ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि गेहूं की फसल में सिंचाई बंद कर दें तथा खेत में अधिक पानी भरने की दशा में जल निकास का प्रबंध करें। डॉक्टर खान ने बताया की सरसों की फलियां 75 प्रतिशत सुनहरे रंग की होने पर ही फसल की कटाई करें जिससे फलियों से दाना न झड़ने पाए। उन्होंने किसान सलाह दी कि मौसम साफ होने पर उड़द एवं मूंग की बुवाई करें।

लग रहा है।

जनता को राहत दिलाई है।

प्रत्याशी बचे थे। शनिवार में 732 वोट पड़े।

दैनिक जागरण 03/03/2024

दिनभर रुक-रुककर हुई वर्षा, किसानों की बढ़ी चिंता

जासं, कानपुर : पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ ही शुक्रवार रात से शुरू हुई बूंदाबांदी शनिवार सुबह वर्षा में बदल गई। शनिवार सुबह से रात तक 11 मिमी वर्षा दर्ज की गई। रविवार को भी हल्की वर्षा की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार बादलों और वर्षा की आवाजाही का दौर सोमवार तक बना रह सकता है। दिन में हुई वर्षा ने हालांकि किसानों को डरा दिया है तेज वर्षा और ओलावृष्टि से फसलों को खतरा पहुंचने की आशंका बढ़ गई है।

बादलों के छाने की वजह से शुक्रवार की रात न्यूनतम तापमान सात डिग्री से ज्यादा बढ़कर 18.4 पर पहुंच गया। वर्षा होने से हालांकि अधिकतम तापमान में कमी आई और एक दिन पहले के 29 डिग्री से घटकर 23.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सीएसए के मौसम विज्ञानी डा. एसएन सुनील पांडे ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के साथ ही बंगाल की खाड़ी से आ रही हवा ने बारिश का मौसम बनाया है। रविवार को बादल छाए रहने के साथ ही हल्की वर्षा हो सकती है।

वर्षा में भीगने से बचने के लिए रेनकोट पहन कर जाता साइकिल सवार ● जागरण

फसलों को फायदा, ओलावृष्टि की आशंका ने डराया : शनिवार को हुई वर्षा गेहूं व अन्य फसलों के लिए वरदान मानी जा रही है। इससे खेतों में सिंचाई की जरूरत नहीं रही लेकिन अधिक वर्षा हुई तो नुकसान भी हो सकता है। सीएसए के मीडिया प्रभारी डा. खलील खान ने कहा कि असामयिक वर्षा के कारण फसलों को अभी नुकसान नहीं है लेकिन यदि ओले या तेज हवा चली तो फसलों को नुकसान हो सकता है। गेहूं की फसल में सिंचाई न करें और खेत में अधिक पानी भरने की दशा में जल निकासी का प्रबंध करें। सरसों की फलियां 75 प्रतिशत तक सुनहरे रंग की होने पर ही फसल की कटाई करें। उन्होंने कहा कि मौसम साफ होने पर किसानों को उड़द और मूंग की बोआई करनी चाहिए।

गुमटी समेत कई जगह जलभराव : जरा सी बरसात में गुमटी, गल्लामंडी चौराहा, सेंट्रल पार्क शास्त्री नगर, विजय नगर, नौबस्ता समेत कई स्थानों पर जलभराव हो गया।

आंधी से हाईवे पर गिरे बिजली के पोल, टला हादसा

संवाद सहयोगी, बिधनू : बिधनू कस्बे में शुक्रवार देर रात अचानक आई तेज आंधी में बिजली के डबल पोल बीच हाईवे पर गिर गए। तारों में तेज स्पार्किंग होने की वजह हड़कंप मच गया। इस दौरान हाईवे से कोई राहगीर या वाहन के न निकलने से हादसा टल गया। शनिवार को पूरे दिन बिजली आपूर्ति बंद रही।

बिधनू कस्बे में हाईवे किनारे एलटी लाइन के डबल पोल लगे थे। शुक्रवार देर रात तेज आंधी के दौरान दोनों पोल उखड़कर स्पार्किंग के साथ बीच हाईवे पर गिर गए। तारों में करंट होने से लोगों ने तुरंत सबस्टेशन में सूचना देकर आपूर्ति बंद कराई। बीच हाईवे पर दोनों पोल और तार पड़े होने से दोनों तरफ पांच किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई।

बिजली विभाग के कर्मचारियों ने तार खोलकर दोनों पोलों को हाईवे के किनारे किया, जिसके बाद पुलिस ने वाहनों को एक-एक करके निकाला। अवर अभियंता विशाल जायसवाल ने बताया कि नया पोल लगवाकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

उत्तर प्रदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

2017 के पहले प्रदेश में भूख से मौतें होती... 03

नई व्यवस्था : अब राशन वितरण में घटतौली नहीं... 10

जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 141
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 03 मार्च, 2024

किसानों को दी उर्द एवं मूंग की बुवाई करने की सलाह

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने शनिवार को किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि असामयिक वर्षा के कारण फसलों में अभी नुकसान होने की संभावना नहीं है। लेकिन ओले या तेज हवाएं चलने पर फसल में नुकसान हो सकता है। उन्होंने किसानों को गेहूं की फसल में सिंचाई बंद करने तथा खेत में अधिक पानी भरने की दशा में जल निकास का प्रबंध करने की सलाह दी। डॉ.

खान ने बताया की सरसों की फलियां 75 फीसदी सुनहरे रंग की होने पर ही फसल की कटाई करनी चाहिए जिससे कि फलियों से दाना न झड़ने पाए। उन्होंने किसानो को मौसम साफ होने पर उर्द एवं मूंग की बुवाई करने की सलाह दी।

Sign in to edit and save changes to this file.

अंक-9 कानपुर, रविवार 3 मार्च 2024 पृष्ठ-8

दैनिक

आज का कानपुर

कानपुर से प्रकाशित लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हमीरपुर, मौदहा, बादा, फतेहपुर, प्रयागराज, इटावा, कन्नौज, गाजीपुर, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच में प्रसारित

असामयिक वर्षा के दृष्टिगत किसान भाइयों हेतु जारी की एडवाइजरी

आज का कानपुर

कानपुर । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने किसानों हेतु एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि असामयिक वर्षा के कारण फसलों में अभी नुकसान होने की संभावना नहीं है।लेकिन यदि ओले या तेज हवाएं चलती है तो फसल नुकसान हो सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए बताया कि गेहूं की फसल में सिंचाई बंद करदें तथा खेत में अधिक पानी भरने की दशा में जल निकास का प्रबंध करें। डॉक्टर खान ने बताया की सरसों की फलियां 75त्न सुनहरे रंग की होने पर ही फसल की कटाई करें जिससे कि फलियां से दाना न झड़ने पाए। उन्होंने किसान भाइयों को उचित सलाह देते हुए बताया कि मौसम साफ होने पर उर्द एवं मूंग की किसान भाई बुवाई करना सुनिश्चित करें।